तापमान
अधिकतम 43 .5 डिग्री से.
न्यूनतम 28 .0 डिग्री से.

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, मंगलवार 30 जून 2026

11 संत शिरोमणी कबीर साहेब का प्रकट दिवस मनाया



12 यूजी प्रवेश की डेडलाइन आज, चूके तो नहीं मिलेगा दाखिला



**खबर संक्षेप**

### शहीद राजेंद्र नाथ लाहिड़ी को दी श्रद्धांजलि



**गोहाना।** सोमवार को पुरानी सब्जी मंडी के निकट शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में राजेंद्र नाथ लाहिड़ी को उनके जन्मदिवस पर याद किया गया। लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें नमन किया। मुख्य वक्ता समाजसेवी हर भगवान चोपड़ा ने कहा कि राजेंद्र नाथ लाहिड़ी महान स्वतंत्रता सेनानी और क्रांतिकारी थे। इस मौके पर आजाद सिंह दांगी कश्मीरी लाल बाबा, साईं दास मधु, प्रवीन वसुजा, गीता देवी, गौरव वसुजा ने भी लाहिड़ी को नमन किया।

### घर में घुसकर आभूषण और नकदी चोरी

**सोनीपत।** सेक्टर-15 में चोरों ने दिनदहाड़े बंद घर में घुसकर नकदी, सोने-चांदी के आभूषण सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। सेक्टर-15 निवासी महेंद्र ने सेक्टर-27 थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि शनिवार को वह अपने परिवार के साथ निजी कार्य से घर से बाहर गए हुए थे। शाम को जब वह वापस लौटे तो घर के अंदर का सामान बिखरा पड़ा मिला। पीड़ित के अनुसार चोर घर से चांदी के दस सिक्के, एक चांदी का कड़ा, हाथ में पहनने वाली चांदी की चेन, एक हैंड वॉच, एसी के तांबे के तारों का बंडल, सात-आठ लेडीज सूट, सोने की एक अंगूठी और 12 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए।

### 42 लाख से हलालपुर में बनेगी चौपाल



**खरखौदा।** जिला परिषद की ओर से 42 लाख से हलालपुर में नई चौपाल का निर्माण किया जाएगा। चौपाल बनने से ग्रामीणों को पंचायत, सामाजिक बैठकों और अन्य सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। लंबे समय से ग्रामीण इसकी मांग कर रहे थे, जो अब पूरी होने जा रही है। घोषणा के अवसर पर गांव पहुंचे खरखौदा ब्लॉक समिति के पूर्व चेयरमैन राजबीर दहिया का ग्रामीणों ने फूलों और नोटों की मालाओं से भव्य स्वागत किया। राजबीर दहिया ने कहा कि जिला परिषद ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। खेतों के कच्चे रास्तों, चौपालों, अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के विकास पर ध्यान दिया जा रहा है।

## खंदराई में दो भाइयों पर बर्फ तोड़ने वाले सुए और धारदार हथियारों से हमला, एक की मौत

■ दूसरे युवक की हालत गंभीर, बीपीएस मेडिकल कॉलेज रेफर ■ पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

जिले के गांव खंदराई में सोमवार सुबह दो भाइयों पर कुछ युवकों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में एक भाई की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, प्रवीण और उसका भाई सोमबीर सुबह करीब छह बजे मंदिर के पास बने शौचालय में गए थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे कुछ युवकों ने उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने बर्फ तोड़ने वाले सुए, गंडासे और अन्य धारदार हथियारों से दोनों पर ताबड़तोड़ वार किए। हमले में सोमबीर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं प्रवीण को प्राथमिक उपचार के बाद बीपीएस मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। एफएसएल टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए।



### रंजिश में वारदात से तनाव

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि प्रवीण और आरोपियों के बीच पहले से रंजिश चल रही थी। करीब दो वर्ष पहले प्रवीण पर एक युवती से जुड़ा मामला दर्ज हुआ था, जिसमें वह जेल भी गया था। इसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ था। बताया गया कि दो-तीन दिन पहले भी दोनों पक्षों के बीच कहासुनी और हाथापाई हुई थी, जिसके बाद यह हमला किया गया। पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी विनोद को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## बच्चे से गलत हरकत का प्रयास आरोपी पर पॉक्सो एक्ट में केस

**गन्नौर।** थाना गन्नौर क्षेत्र के एक गांव में 10 वर्षीय बच्चे के साथ गलत हरकत करने के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़ित बच्चे की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, 28 जून की दोपहर बच्चा गली में फूल तोड़ने गया था। इसी दौरान आरोपी रविंद्र ने उसे पकड़कर अपने कमरे में ले जाकर कथित रूप से गलत हरकत करने का प्रयास किया। शिकायत के अनुसार, आरोपी ने बच्चे के शरीर पर दांत से काटा भी। बच्चे के शोर मचाने पर उसकी मां मौके पर पहुंची, जिसके बाद आरोपी बच्चे को छोड़कर फरार हो गया। कुछ समय बाद आरोपी एक अन्य व्यक्ति के साथ वापस आया और मामले को पुलिस तक न ले जाने की बात कहते हुए अपशब्द कहकर चला गया। परिजनों ने मामले की सूचना गन्नौर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी रविंद्र के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

■ बच्चे के शोर मचाने पर मौके पर पहुंची मां, आरोपी फरार, पुलिस ने जांच शुरू की

### घर से निकला किशोर लापता

**गन्नौर।** शहर के गांधी नगर क्षेत्र से एक 16 वर्षीय किशोर के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी तलाश करने के बाद गन्नौर थाना पुलिस को शिकायत देकर बेटे की तलाश करने की मांग की है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर-1 गांधी नगर निवासी मीनू पत्नी राजेश ने बताया कि 19 जून की रात करीब नौ बजे उसका 16 वर्षीय पुत्र राकेश बिना किसी को बताए घर से कहीं चला गया। परिवार ने रिश्तेदारों और अन्य संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। परिजनों ने बताया कि वह अपने साथ मोबाइल फोन भी लेकर गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बिजली-पानी की किल्लत पर फूटा गुस्सा विशाल नगर में डेढ़ घंटे तक सड़क जाम

*चार दिन से बिजली-पेयजल आपूर्ति बाधित, महिलाओं समेत लोगों ने सड़क पर बैठकर किया प्रदर्शन, अधिकारियों के आश्वासन के बाद खुला जाम*

प्रदर्शनकारी बोले, लो वोल्टेज और अघोषित कटों के कारण जीना मुहाल हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शहर के लाइन पार स्थित विशाल नगर में बिजली और पेयजल संकट से परेशान लोगों का सोमवार को सब्र टूट गया। चार दिन से बिजली और पानी की अव्यवस्था से जूझ रहे कॉलोनीवासियों ने सूरी पेट्रोल पंप वाली गली में वेद वाटिका वृद्ध आश्रम के पास करीब डेढ़ घंटे तक सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। महिलाओं समेत बड़ी संख्या में लोगों ने प्रशासन और बिजली निगम के खिलाफ नारेबाजी की। शाम चार बजे शुरू हुआ जाम अधिकारियों के आश्वासन और कर्मचारियों के मौके पर पहुंचने के बाद करीब साढ़े पांच बजे समाप्त हुआ। कॉलोनीवासियों ने सड़क पर बड़े पाइप डालकर दोनों ओर वाहनों की आवाजाही रोक दी। महिलाओं ने भी सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों में अनूप, वेदप्रकाश, भानेराम, कृष्ण, हरदीप, संतोष, गोवर्धन, रणधीर, आनंद मास्टर और निवासा सहित अन्य लोगों ने बताया कि पिछले चार दिनों से कॉलोनी में बिजली और पेयजल व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। रोजाना केवल एक बार डेढ़ से दो घंटे के लिए पानी की आपूर्ति की जा रही है, लेकिन उस समय बिजली नहीं रहती। बिजली नहीं होने से लोग मोटर नहीं चला पाते और घरों में पानी नहीं पहुंच पाता। लोगों का कहना था कि दिन-रात लग रहे अघोषित बिजली कटों ने उनका जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। लो-वोल्टेज के कारण बिजली उपकरण खराब होने का डर बना रहता है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। आखिरकार मजबूर होकर उन्हें सड़क पर उतरना पड़ा।



सोनीपत। विशाल नगर में सड़क पर पाइप डालकर जाम लगाते लोग।



### धर्मसंकट : पानी आता है तो बिजली नहीं, बिजली आती है तो पानी नहीं

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पिछले चार दिनों से मूलभूत सुविधाओं के नाम पर उनके साथ मजाक हो रहा है। जब पानी की सप्लाई होती है, तब बिजली गुल हो जाती है और बिजली आने पर पानी की एक बूंद भी नहीं आती। उमस भरी गर्मी में बिना बिजली और पानी के घरों में रहना मुश्किल हो गया है। लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद संबंधित विभागों ने उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया।

### आज एसडीओ को सौंपेंगे ज्ञापन

कॉलोनीवासियों ने बताया कि मंगलवार को वे बिजली निगम कार्यालय पहुंचकर एसडीओ को ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन में जर्जर बिजली लाइनों को बदलने, सिंगल कोर वायर लगाने तथा बिजली-पानी की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की जाएगी। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो दोबारा आंदोलन और सड़क जाम किया जाएगा।

### जर्जर केबल को बदला जाएगा

भीषण गर्मी के कारण बिजली का लोड बढ़ने से कुछ स्थानों पर तकनीकी समस्याएं आ रही हैं। अनियमित रूप से थ्री-फेज लोड लेने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, जिससे कुछ स्थानों पर फॉल्ट की स्थिति भी बनी है। विशाल नगर की जर्जर केबल को जल्द बदलने का कार्य शुरू कराया जाएगा। उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए निगम लगातार प्रयास कर रहा है।
**-रणबीर देशवाल**, कार्यकारी अभियंता, बिजली निगम,

## जिलेभर में गहराया बिजली संकट : गौतम

**सोनीपत।** बिजली कोई सुविधा नहीं, बल्कि वर्तमान की मूलभूत आवश्यकता है। जिले में लगातार बिगड़ रही बिजली व्यवस्था के कारण लोगों का हाल बेहाल हो गया है। ग्रामीण अंचल ही नहीं, शहरी क्षेत्रों में भी अघोषित बिजली कटों ने आमजन का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। सबसे गंभीर स्थिति रात के समय देखने को मिल रही है, जब रात 9 बजे से देर रात 2 बजे तक बार-बार कट लगाकर बिजली आपूर्ति बाधित की जा रही है। कई बार मात्र 5-10 मिनट बिजली आने के बाद पुनः आधे से एक घंटे के कट लगाए जा रहे है। इसके अलावा कम वोल्टेज की समस्या के कारण घरेलू उपकरणों के खराब होने का खतरा बना हुआ है।

■ लो-वोल्टेज के कारण बिजली उपकरण खराब होने का डर बना रहता

### लोगों की जाग कर कट रही रात

न्याय युद्ध मंच के संस्थापक देवेंद्र गौतम ने बिजली वितरण निगम प्रबंधन की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि जगमग योजना के अंतर्गत आने वाले गांवों, कॉलोनियों व शहर के कई सेक्टरों में भी लगातार 6 से 8 घंटे तक बिजली कट लगाए जा रहे हैं। ऐसे में जनता रातभर जाग रही है, सरकार कागजों में 'जगमग' दिखा रही है। देवेंद्र गौतम ने बताया कि दिनभर नौकरी, व्यापार, खेतीबाड़ी, मेहनत-मजदूरी करने वाला व्यक्ति रात को आराम की उम्मीद करता है, लेकिन बिजली कटौती के कारण उसकी नींद तक पूरी नहीं हो पा रही है। कल से सभी विद्यालय खुलने वाले हैं। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य, भविष्य पर भी इसका प्रभाव पड़ेगा। सरकार को लोगों की इस पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

## शहर में कूड़ा उठान व्यवस्था पर उठे सवाल



**सोनीपत।** शहर में जेबीएम कंपनी द्वारा कूड़ा उठान व्यवस्था को लेकर लगातार उठ रही शिकायतों के बीच सोमवार को स्थिति का जायजा लिया गया। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया, नगर निगम वार्ड-21 के प्रतिनिधि संजय बड़वासनिया तथा वार्ड-19 के पार्षद राजेश मलिक ने बाबा धाम के पास कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रतिनिधियों ने बताया कि मौके पर केवल करीब 50 गाड़ियां ही कूड़ा उठाने के लिए मौजूद मिलीं, जबकि शहर के कई इलाकों से नियमित रूप से कूड़ा न उठने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कई वाहनों पर आवश्यक हेल्पर तक तैनात नहीं हैं, जिससे सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि वार्ड-21 में सीवर ओवरफ्लो की समस्या बनी हुई है।

### पैक्स की बैठक में पेश किया पिछले वित्त वर्ष का लेखा-जोखा



**खरखौदा।** खरखौदा पैक्स की आम सभा की बैठक सोमवार को कार्यालय प्रांगण में हुई। जिसकी अध्यक्षता उपप्रधान भूप सिंह ने की। पैक्स प्रबंधक रमेश चंद्र ने बैठक की कार्यवाही को लिपिबद्ध किया। बैठक में मुख्य रूप से वित्त वर्ष 2025-26 के लाभ हानि पर ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा 29 जून से 6 जुलाई तक सहकारिता सप्ताह मनाये जाने पर आम सहमति बनी । सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सहकारी योजनाओं के बारे में चर्चा की गई। इस मौके पर कृष्ण दहिया, देवानंद, सेल्समैन दलबीर, आनंद स्वरूप, दीपांशु, दीपक आदि उपस्थित रहे।

इंजीनियरों की रिपोर्ट सरकार को सौंपी, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी खुद ले रहे रुचि

## निर्माणाधीन नगर निगम भवन को पूरा कराने की जिम्मेदारी अब सरकार के हाथ

सिटी पल्स

**सोनीपत।** शहर के सेक्टर-3 में निर्माणाधीन नगर निगम के नए भवन को पूरा करवाने की जिम्मेदारी अब सरकार ने अपने स्तर पर ले ली है। इंजीनियरों द्वारा भवन में अधूरे कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट करीब 15 दिन पहले सरकार को सौंप दी गई है। अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं इस निर्माणाधीन परियोजना की प्रगति पर नजर रख रहे हैं और अधूरे कार्य को पूरा करवाने में विशेष रुचि ले रहे हैं। सरकार स्तर पर अब यह निर्णय लिया जाएगा कि शेष निर्माण कार्य पुरानी एजेंसी से करवाया जाए या नई एजेंसी को जिम्मेदारी सौंपी जाए। इस पूरे कार्य की निगरानी मुख्यालय के उच्च अधिकारी करेंगे, ताकि परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके।

### तीन जगह चल रहा निगम कार्यालय

वर्तमान में नगर निगम का कार्यालय शहर में तीन अलग-अलग स्थानों से संचालित हो रहा है। रेलवे रोड स्थित मुख्य कार्यालय के अलावा महलाना रोड और दमकल कार्यालय भवन में भी विभिन्न शाखाएं कार्यरत हैं। इससे आम जनता को अपने कामों के लिए अलग-अलग स्थानों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इसी समस्या के समाधान और सभी अधिकारियों व शाखाओं को एक छत के नीचे लाने के उद्देश्य से वर्ष 2018 में सेक्टर-3 में 52.70 करोड़ रुपये की लागत से पांच मंजिला आधुनिक भवन के निर्माण की योजना शुरू की गई थी, जिसे 21 महीनों में पूरा किया जाना था।



### आधुनिक और ग्रीन बिल्डिंग के रूप में तैयार हो रहा भवन

भवन का लेआउट दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल की आर्किटेक्ट शाखा द्वारा तैयार किया गया है। इसे ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट पर विकसित किया जा रहा है। भवन में सोलर सिस्टम, लिफ्ट, एस्केलेटर सहित आधुनिक सुविधाएं शामिल होंगी।

### कोरोना काल से बढ़ी लागत 70 प्रतिशत ही निर्माण पूरा

निर्माण कार्य प्रारंभिक चरण में गति पकड़ रहा था, लेकिन कोरोना महामारी के कारण कार्य बाधित हुआ। इसके बाद परियोजना की अवधि बढ़ी और लागत में भी वृद्धि हुई। वर्ष 2023 तक लगभग 6 करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च हो चुके थे। इसके बावजूद भवन का केवल 70 प्रतिशत निर्माण ही पूरा हो सका।निर्माण एजेंसी द्वारा बाद में करीब 28 करोड़ रुपये अतिरिक्त बजट की मांग की गई, जिससे परियोजना की लागत पर सवाल खड़े हुए। मामले की जांच सीएम फ्लाइंग द्वारा भी की गई। निगम और एसएमडीए का संयुक्त संचालन होगा सरकार ने वर्ष 2025 में निर्णय लिया है कि नगर निगम और सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) का संचालन इसी भवन से किया जाएगा। दोनों विभागों को भवन में बराबर हिस्सेदारी के तहत ढाई-ढाई फ्लोर आवंटित किए जाएंगे। योजना के तहत प्रशासनिक, अकाउंट, इंजीनियरिंग और प्लानिंग शाखाओं को एक ही परिसर में लाया जाएगा, ताकि कामकाज में तेजी और समन्वय बढ़ सके।

### बेसमेंट में 100 से अधिक वाहनों की पार्किंग और फूड प्लाजा की सुविधा होगी

निर्माणाधीन भवन की बेसमेंट में 100 से अधिक वाहनों की पार्किंग और फूड प्लाजा की सुविधा होगी। भूतल पर नागरिक सुविधा केंद्र बनाया जाएगा। पहली मंजिल पर मेयर, डिप्टी मेयर कार्यालय, आईटी विंग और कॉन्फ्रेंस रूम होंगे। दूसरी मंजिल पर टैक्स, ऑडिट और अन्य शाखाएं रहेंगी, जबकि तीसरी मंजिल पर इंजीनियरिंग विंग कार्य करेगी। चौथी मंजिल पर एसएमडीए कार्यालय और पांचवीं मंजिल पर आयुक्त व संयुक्त आयुक्त के कार्यालय तथा पुस्तकालय प्रस्तावित हैं।

### ये बोले शहरवासी



नगर निगम कार्यालय सेक्टर-3 में बनने से शहरवासियों को सुविधा मिलने के साथ थोड़ी परेशानी भी होगी। नए भवन में अधिकारी एक जगह होने से जहां लोगों के कार्य जल्द हो सकेंगे, लेकिन कार्यालय की ज्यादा दूरी होने से लोगों को आवागमन में परेशानी होगी। **-सूरज कुमार**



नगर निगम व एसएमडीए का कार्यालय एक ही जगह होने से अधिकारी आपसी तालमेल से शहर के विकास को बढ़ावा देंगे। सोनीपत में विकास योजना जल्द पूरी हो सकेंगी और प्रदेश में प्रगतिशील जिलों में गिनती होगी। सरकार को काम जल्द पूरा करवाना चाहिए। **-राम यतन**

**एक छत के नीचे मिलेगी सुविधाएं :** सेक्टर-3 में निर्माणाधीन नगर निगम कार्यालय की जांच संबंधी रिपोर्ट सरकार के पास है। भवन निर्माण पूरा होने के बाद जहां अधिकारियों व कर्मचारियों के एक छत के नीचे कार्यालय होंगे, वहीं शहरवासियों के एक ही जगह सभी कार्य हो सकेंगे। **-हर्षित कुमार**, आयुक्त, नगर निगम

## सामाजिक पहल : मोर्चरी परिसर में 30 हजार रुपये से लगवाया शेड



**सोनीपत।** भीषण गर्मी को देखते हुए निजी एंबुलेंस संचालकों की ओर से बनी कोमल वेलफेयर सोसायटी ने लोगों की सुविधा के लिए दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल के मोर्चरी परिसर नया शेड लगवाने का कार्य शुरू किया। वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष सुमेर सिंह राणा ने बताया कि मोर्चरी परिसर में पर्याप्त छाया या शेड की व्यवस्था नहीं है।

यहां पहले से लगाए गए बेंचों के ऊपर शेड लगवाने के लिए करीब 30 हजार रुपये खर्च किए जा रहे हैं। उक्त खर्च को सोसायटी की ओर से वहन किया जा रहा है। सुमेर सिंह ने बताया कि मोर्चरी आने वाले परिजनों को बारिश से बचाने के लिए यह प्रयास किया गया है, ताकि उन्हें इधर-उधर न भटकना पड़े। लोगों की समस्या को देखते हुए यह सामाजिक पहल की गई है। शेड लगने के बाद परिजनों को धूप व बारिश दोनों से निजात मिलने के साथ सम्मानजनक बैठने की सुविधा मिल सकेगी। सोसायटी सदस्यों ने बताया कि अस्पताल परिसर में भविष्य में भी जरूरत के अनुसार जनहित से जुड़े कार्य करवाए जाएंगे, ताकि मरीजों व उनके परिजनों को बेहतर सुविधाएं मिले।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com



हरिभूमि
रोहतक,मंगलवार
30 जून 2026
सहेली



पचास-पचपन की उम्र हुई नहीं कि हमें यह लगने लगता है, अब कुछ नया करने की उम्र गई। यह सोचना गलत है, उम्र के किसी पड़ाव पर आप कुछ ऐसा कर सकती हैं, जो आपको नई पहचान दे। अपने आस-पास ऐसे कई उदाहरण भी मिल जाएंगे, जब महिलाओं ने बड़ी उम्र में कुछ अनोखा करके अपनी नई पहचान के लिए उड़ानें भरी हैं।

# हर उम्र में संभव है नई पहचान की उड़ान

कवर स्टोरी
स्नेहा सिंह

अब उम्र हो रही है, इस उम्र में क्या कुछ नया करूंगी।' पचास-पचपन की उम्र की महिलाओं को यह कहते हुए हम अकसर सुनते हैं। हमारे समाज में लंबे समय तक महिलाओं को कुछ निश्चित भूमिकाओं में बांधकर देखा जाता है- बेटी, पत्नी, बहू और मां की भूमिका में। इन भूमिकाओं को निभाते-निभाते ज्यादातर महिलाएं यह मान बैठती हैं कि उनके अपने सपने पूरा करने, कुछ नया करने की संभावनाओं का समय पीछे छूट चुका है, अब वे कोई उड़ान नहीं भर सकती हैं, अपनी कोई नई पहचान नहीं बना सकती हैं। लेकिन सच इससे बिल्कुल अलग है। जीवन किसी कैलेंडर की तारीख का नाम नहीं, निरंतर बदलती संभावनाओं की यात्रा है। आज समय भी काफी बदल चुका है। इस नए दौर में आप किसी भी उम्र में जीवन के नए पड़ाव पर आकर कुछ नया कर सकती हैं। हर उम्र में नई पहचान बना सकती हैं। किसी क्षेत्र में नए सिरे से अपना करियर शुरू कर सकती हैं, अपने भीतर छिपी क्षमताओं को पहचान सकती हैं, कुछ बड़ा कर सकती हैं। इतना ही नहीं, लोगों के लिए एक मिसाल बन सकती हैं।

## उम्र केवल बताती है शारीरिक अवस्था

महिलाओं के लिए, यह समझना आवश्यक है कि उम्र केवल शारीरिक अवस्था बताती है, संभावनाओं की सीमा नहीं। अनेक महिलाएं बच्चों के बड़े हो जाने के बाद अपने पुराने शौक फिर से शुरू करती हैं। कोई संगीत-नृत्य सीखती है, कोई अभिनय, कोई चित्रकला, लेखन तो कोई अपना व्यवसाय शुरू करती हैं। कई महिलाएं सामाजिक कार्यों में सक्रिय होकर अपनी पहचान बनाती हैं।



## स्वयं को फिर से पहचानने का समय


महिलाओं का एक बड़ा वर्ग ऐसा है, जिसने जीवन का अधिकांश समय दूसरों के लिए समर्पित कर दिया होता है। परिवार की जिम्मेदारियों के बीच उन्होंने अपने सपनों को पीछे छोड़ दिया होता है। लेकिन जीवन का कोई भी चरण हो, स्वयं को पुनः खोजने का अवसर बन सकता है। यह समय स्वयं से कुछ प्रश्न पूछने का होता है कि 'मुझे वास्तव में क्या करना अच्छा लगता है? कौन-सा सपना मैंने अधूरा छोड़ दिया था? मैं अपने लिए क्या नया सीखना चाहती हूं? मैं अपने जीवन को और अर्थपूर्ण कैसे बना सकती हूं?' इन प्रश्नों के उत्तर कई बार जीवन की नई दिशा तय कर देते हैं। आज ऑनलाइन एजुकेशन, डिजिटल प्लेटफॉर्म और सामाजिक अवसरों ने सीखने और आगे बढ़ने की अनंत संभावनाएं खोल दी हैं।

## आत्मविश्वास की नई उड़ान

देखा जाता है कि कुछ नया करने की चाहत में महिलाओं को अकसर यह डर सताता है कि समाज क्या कहेगा? लेकिन जीवन के नए खूबसूरत पड़ाव उन्हीं को मिलते हैं, जो दूसरों की धारणाओं से अधिक अपने सपनों पर विश्वास करते हैं। पचास-पचपन साल की आयु में कोई नया काम शुरू करना असामान्य नहीं है। दुनिया में ऐसे अनगिनत उदाहरण हैं, जहां लोगों ने जीवन के उत्तरार्ध में बहुत बड़ी सफलताएं प्राप्त की हैं। महत्वपूर्ण यह नहीं कि शुरुआत कब हुई, शुरुआत हुई यह बात मायने रखती है। जब महिलाएं स्वयं पर विश्वास करती हैं, तब उम्र उनकी राह का अवरोध नहीं बनती, बल्कि अनुभव उनकी सबसे बड़ी पूंजी बन जाती है, जिसके सहारे वे अपनी तरक्की की सीढ़ियां चढ़ती हैं। एक बड़ी पहचान पाती हैं।

## नई शुरुआत का साहस

जीवन का सबसे सुंदर सत्य यह है कि हर सुबह एक नया अवसर लेकर आती है। चाहे कोई सपना पूरा करना हो, नया कौशल सीखना हो या स्वयं को फिर से पहचानना हो, हर उम्र



इसके लिए उपयुक्त होती है। महिलाओं को यह याद रखना चाहिए कि उनकी पहचान केवल उनकी जिम्मेदारियों तक सीमित नहीं है। वे सपने देखने, स्वयं निर्णय लेने और नया जीवन शुरू करने का पूरा अधिकार रखती हैं। हम इस बात को समझें, उम्र केवल वर्षों की गिनती है, जबकि जीवन संभावनाओं का नाम है। इसलिए यदि मन में उम्मीद, आत्मविश्वास और सकारात्मक भाव हैं तो किसी भी उम्र जीवन का नया पड़ाव बन सकता है। किसी भी उम्र में कोई नई शुरुआत की जा सकती है, अपने सपने पूरे किए जा सकते हैं और एक शानदार पहचान पाई जा सकती है।



### सकारात्मक सोच का जादू

**नई शुरुआत** की सबसे बड़ी शर्त है- सकारात्मक सोच। जीवन में हर व्यक्ति को असफलताओं, निराशाओं और संबंधों की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। लेकिन जो लोग आशा बनाए रखते हैं, वे हर कठिनाई में अवसर खोज लेते हैं। सकारात्मक सोच का अर्थ समस्याओं को नकारना नहीं, बल्कि यह विश्वास रखना है कि उनका समाधान संभव है। यही सोच व्यक्ति को आगे बढ़ने की शक्ति देती है। स्वयं के प्रति सम्मान और भविष्य के प्रति आशा जगाती है, जीवन को नई दिशा प्रदान करती है। जब हम अतीत के बोझ को छोड़कर वर्तमान को स्वीकार करते हैं, तब नए रास्ते अपने आप खुलते जाते हैं।

# अपने रिश्तों को ऐसे बनाए रखें स्ट्रॉन्ग

मैरीड रिलेशन का स्ट्रॉन्ग होना बहुत जरूरी है। मजबूत रिश्तों की नींव प्रेम, अपनापन, भरोसा, खुला संवाद, संवेदनशीलता और आपसी सम्मान पर टिकी होती है। इन बातों को अपनाकर आप अपने पार्टनर के साथ एक खुशहाल जिंदगी जी सकती हैं।

मैरीड लाइफ
शिखर चंद जैन



हमारे जीवन में मजबूत रिश्तों का बहुत महत्व है, ये हमारा जीवन खुशहाल बनाते हैं। बात जब पति-पत्नी के रिश्ते की हो तो यह बात और ज्यादा मायने रखती है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रसिद्ध हार्वर्ड स्टडी ऑफ एडल्ट डेवलपमेंट बताती है कि खुशहाल जीवन का सबसे बड़ा आधार सिर्फ रोमांटिक रिश्ते नहीं, मजबूत सामाजिक संबंध भी होते हैं। रिश्तों का दायरा जब दोस्ती, परिवार, सहकर्मियों और समाज तक फैलता है, तब जीवन अधिक संतुलित और संतोषजनक हो जाता है। मैरीड लाइफ में अपने पार्टनर के साथ रिश्ते मजबूत और मधुर रखने के लिए कुछ सामान्य बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

**'ट्रस्ट बैंक' बनाएं:** रिश्ते बैंक अकाउंट की तरह होते हैं। इसमें ट्रस्ट का होना बहुत जरूरी है। जब आप किसी से किया वादा निभाती हैं, तो आप प्यार-स्नेह और साख अपने रिश्ते के बैंक अकाउंट में डिपॉजिट करती हैं। जब आप वादा तोड़ती हैं, तो आपका खाता डेबिट होता है। हमेशा एक मजबूत रिश्ते के लिए अकाउंट में भरोसा और प्यार का बैलेंस ज्यादा होना चाहिए।



**विनम्र और संवेदनशील बनें:** किसी भी रिश्ते में मजबूती की पहली शर्त विनम्रता और संवेदनशीलता होती है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की एक स्टडी बताती है कि परोपकार और दूसरों की मदद करने से दिमाग में 'लव हार्मोन' यानी ऑक्सीटोसिन का लेवल बढ़ता है। जब हम बिना किसी स्वार्थ के कुछ देते हैं तो खुद के भीतर भी अपनापन और संतोष बढ़ता है। संतोष की यही भावना हमारे पारस्परिक रिश्तों को भी मजबूत बनाती है।

**खुली बातचीत जरूरी:** रिश्तों में मौन और मन ही मन शिकायत से अकसर गलतफहमी पैदा होती है। अपनी जरूरतों, डर और इच्छाओं को खुलकर कहें। यह मान लेना कि 'उसे तो पता ही होगा' अकसर रिश्तों में दूरी का कारण बनता है। अपनी भावनाओं को स्पष्ट रूप से कहें और पार्टनर को समझने का मौका दें।

**बनाए रखें रिश्ते की मर्यादा:** किसी भी रिश्ते में नोक-झोंक या छोटे-मोटे झगड़े होना सामान्य सी बात है। चाहे झगड़ा कितना भी बड़ा क्यों न हो, रिश्ते की मर्यादा बनाए रखें। कभी भी 'ब्रेकअप' या अलग होने की धमकी न दें। अपशब्दों का प्रयोग या पार्टनर को नीचा दिखाना आपके रिश्ते में हमेशा के लिए कड़वाहट घोल सकता है।

**बिना शर्त स्वीकार्यता:** यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो की रिसर्च बताती है कि जो लोग रिश्तों को परफेक्ट मानने की उम्मीद करते हैं, वे जल्दी निराश होते हैं। दूसरों को वैसा स्वीकार करें, जैसे वे हैं। उन्हें बदलने की कोशिश न करें।


**एक-दूसरे को दें क्वालिटी टाइम:** सिर्फ एक-दूसरे के साथ होना काफी नहीं है, एक-दूसरे से बातें भी करें। बिना फोन या टीवी के एक-दूसरे के साथ समय बिताएं। यह जुड़ाव को गहरा करता है, पुराने मीठे पलों को याद करने का मौका देता है। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया की रिसर्च बताती है कि रिश्तों की गुणवत्ता इस बात से तय नहीं होती कि हम साथ में कितना समय बिताते हैं, यह इस बात से तय होती है कि हम बिना किसी डिस्ट्रक्शन के एक-दूसरे के साथ कितनी और कैसी बातचीत करते हैं।

**आभार और प्रशंसा:** अकसर हम छोटी-छोटी चीजों या बातों को टेकेन फॉर ग्रांटेड ले लेते हैं। छोटी बातों पर तारीफ करना, रिश्ते में जादू की तरह असर करती हैं। रिलेशनशिप एक्सपर्ट जॉन गेटमैन कहते हैं, 'रिश्तों में संवाद का मतलब सिर्फ शिकायत या अपेक्षाएं करना नहीं होता बल्कि एक-दूसरे की सराहना करना भी शामिल होता है।'

यह सही है कि वर्कप्लेस पर बढ़िया परफॉर्म करने और उन्नति के लिए मेहनत, लगन से कार्य करना सबसे जरूरी है। लेकिन ऑफिस में आपका मन न लगे तो कुछ वास्तु उपायों को आजमा सकते हैं। इससे आपका मन तो लगेगा ही आप निरंतर उन्नति भी करेंगे।


# अगर ऑफिस में नहीं लगता मन वास्तु के अनुसार करें ये बदलाव

वास्तु सलाह
अनीता जैन, वास्तुविद



ऑफिस में हमारी डेस्क केवल काम करने की जगह नहीं होती, बल्कि यह हमारी ऊर्जा, मनोदशा और कार्यक्षमता को भी प्रभावित करती है। कई बार व्यक्ति उत्साह के साथ ऑफिस तो पहुंच जाता है, लेकिन डेस्क पर बैठते ही थकान, चिड़चिड़ापन या काम में मन न लगने जैसी समस्याएं महसूस होने लगती हैं। वास्तुशास्त्र के अनुसार कार्यस्थल पर मौजूद सकारात्मक या नकारात्मक ऊर्जा का सीधा प्रभाव हमारे मन और करियर पर पड़ता है। इसलिए यदि आपकी ऑफिस डेस्क व्यवस्थित, सुंदर और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर होगी, तो कार्य में मन भी लगेगा और तरक्की के रास्ते भी खुलेंगे।


**डेस्क पर बढ़ाएं हरियाली:** वास्तुशास्त्र में हरे-भरे पौधों को समृद्धि और शांति का प्रतीक माना गया है। ऑफिस डेस्क के उत्तर या पूर्व दिशा में मनी प्लांट, बैंबू प्लांट या छोटे इनडोर प्लांट्स रखना शुभ माना जाता है। हरा रंग मानसिक सुकून देने के साथ तनाव को कम करने में भी सहायक होता है। वहीं सूखे, कांटेदार या बोनसाई पौधों को डेस्क पर नहीं रखना चाहिए, क्योंकि इन्हें निराशा और रुकावट का सूचक माना गया है। डेस्क के उत्तर दिशा में हरियाली, जंगल या लहलहाती फसलों का चित्र लगाने से मन प्रसन्न रहता है और मेहनत का पूरा फल मिलता है।



**सकारात्मक चित्र देते हैं प्रेरणा:** ऑफिस डेस्क पर लगाए गए चित्र भी आपके मन और ऊर्जा पर प्रभाव डालते हैं। रोता हुआ बच्चा, डूबता जहाज, आग, टूटी मूर्ति या कांटेदार पौधों के चित्र नकारात्मकता बढ़ाते हैं। इसके स्थान पर उगते सूर्य, उड़ते पक्षी, भागते घोड़े, स्वस्तिक या पेड़-पौधों के चित्र लगाना शुभ माना जाता है। वास्तुशास्त्र के अनुसार डेस्क के उत्तर-पूर्व दिशा में अपने इष्टदेव की छोटी तस्वीर अवश्य रखनी चाहिए। कार्य शुरू करने से पहले उन्हें प्रणाम करने से मानसिक स्पष्टता प्राप्त होती है और व्यक्ति को सकारात्मक मार्गदर्शन मिलता रहता है। इससे आत्मविश्वास और कार्य क्षमता में भी वृद्धि होती है।

**फूल-प्रकाश बढ़ाते हैं उत्साह:** ऑफिस डेस्क पर ताजे फूलों का छोटा गुलदस्ता रखने से वातावरण खुशनुमा बना रहता है। वास्तु के अनुसार फूल सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करते हैं और मानसिक तनाव कम करने में मदद करते हैं। ध्यान रखें कि मुरझाए या सूखे फूल तुरंत हटा देने चाहिए, क्योंकि ये नकारात्मकता बढ़ाते हैं। इसके साथ ही डेस्क के आस-पास सही प्रकाश व्यवस्था होना भी बेहद जरूरी है। बहुत तेज या बहुत कम रोशनी आंखों और मन दोनों को प्रभावित करती है। पर्याप्त प्रकाश न होने पर वहां नकारात्मक ऊर्जा बढ़ने लगती है, जिससे कार्यों में बाधा, बहस और मानसिक अस्थिरता पैदा हो सकती है। इसलिए हमेशा ऐसी लाइटिंग रखें, जो आंखों को सुकून दे और काम करने में सहजता महसूस हो।

**साफ-सुथरी और व्यवस्थित हो डेस्क:** वास्तुशास्त्र के अनुसार गंदी-अव्यवस्थित डेस्क नकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाती है। डेस्क को हमेशा साफ-सुथरा और व्यवस्थित रखना चाहिए। पेन-पेंसिल और अन्य जरूरी सामान के लिए सुंदर पेन स्टैंड का उपयोग करें।



स्किन केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# नेचुरल कूलिंग क्रीम से पाएं ताजगी का एहसास

उमस भरे इस मौसम में इंटरनल हेल्थ के साथ-साथ त्वचा की देखभाल भी जरूरी है। गर्मी, पसीना और धूल मिट्टी से त्वचा चिपचिपी और बेजान हो जाती है। कुछ लोगों को तो जलन भी महसूस होने लगती है। इससे राहत पाने के लिए कई महिलाएं ब्यूटी सैलूनों में ट्रीटमेंट करवाने जाती हैं या ब्रांडेड कंपनियों के ब्यूटी प्रोडक्ट्स अप्लाई करती हैं। ये काफी महंगे तो होते ही हैं, कई बार इनसे कोई खास फायदा भी नहीं मिलता है। ऐसे में आप चाहें तो घर में मौजूद नेचुरल चीजों से ही ईजिली नेचुरल कूलिंग क्रीम तैयार कर सकती हैं। ये क्रीम्स फेस स्किन को कूल करेंगी और आपको ताजगी का अहसास भी दिलाएंगी।



**एलोवेरा-गुलाब जल क्रीम:** इस कूलिंग क्रीम को तैयार करने के लिए कांच की कटोरी में एक चम्मच एलोवेरा जैल, एक चम्मच गुलाब जल और एक चम्मच खीरे के रस को एक चम्मच की मदद से तब तक अच्छे से मिक्स करें, जब तक कि यह एक हल्की और मुलायम क्रीम जैसा न दिखने लगे। जैसे ही इसका टेक्सचर क्रीमी हो जाए, समझ लीजिए आपकी होममेड कूलिंग क्रीम तैयार है। इस क्रीम को फ्रिज में रख लें। इस क्रीम को आप सीधे चेहरे और त्वचा के खुले हिस्से पर लगा सकती हैं और लगाने के कुछ देर बाद ताजे ठंडे पानी से धो डालिए। चिपचिपी गर्मी के मौसम में राहत दिलाने में यह बहुत कारगर क्रीम है। रात या दिन में लगाने से पहले चेहरे को साफ पानी से जरूर धो लें ताकि चेहरे पर जमा धूल, मिट्टी और प्रदूषण को हटाया जा सके, अन्यथा यह क्रीम ज्यादा प्रभावी नहीं होगी। चेहरे को साफ करने के बाद इस क्रीम को हल्के हाथों से आहिस्ता-आहिस्ता लगाएं और इसे कुछ समय के लिए छोड़ दें। कुछ देर बाद आप चेहरा धो सकती हैं। इस क्रीम को आप दिन में दो बार यानी सुबह और रात में इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके नियमित उपयोग से चेहरे को ठंडक मिलेगी और ताजगी का भी अहसास होगा। इस क्रीम को बनाने के दो-तीन दिन के अंदर ही उपयोग कर लें, क्योंकि इसमें किसी प्रिजर्वेटिव का इस्तेमाल नहीं होता है।



**एलोवेरा-कैस्टर ऑयल क्रीम:** कांच की कटोरी में 2 चम्मच एलोवेरा जैल, एक चम्मच कैस्टर ऑयल और 2 विटामिन-ई के कैप्सूल मिला लें। रात को सोते समय इस क्रीम को चेहरे पर इस तरह लगाएं कि क्रीम चेहरे पर पूरी तरह से एब्जॉर्ब हो जाए। रोज लगाने से कुछ ही दिनों में आपको फर्क नजर आना शुरू हो जाएगा।

डाइट एडवाइस
डॉ. अंशु चौहान
डाइटीशियन

# उमस भरे मौसम में ऐसी हो डाइट

इस मौसम में डाइट प्लान बनाते समय महिलाओं को अपनी उम्र का ध्यान रखना जरूरी है। किस एज की महिलाओं का कैसा होना चाहिए डाइट प्लान, यहां डिटेल में बता रहे हैं।







हालांकि कई इलाकों में बारिश शुरू हो चुकी है लेकिन अभी उमस भरी गर्मी बरकरार है। दिन के समय धूप निकलते ही गर्मी बेचैन करने लगती है। ऐसे में आपको थकान, चिड़चिड़ापन, कमजोरी या डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इनसे बचने के लिए अपनी डाइट सही ढंग से प्लान करना जरूरी है।

**टीनएजर्स डाइट:** इस उम्र में लड़कियों का शरीर तेजी से बढ़ता है। पीरियड्स भी शुरू हो जाते हैं और हार्मोनल उतार-चढ़ाव सबसे अधिक होते हैं। इसलिए इनकी डाइट में आयरन, कैल्शियम और मैक्रो न्यूट्रिएंट्स सबसे जरूरी होते हैं।

**क्या खाएं:** सुबह सबसे पहले खाली पेट एक ग्लास सादा पानी पिएं। नाश्ते में मूंग दाल का चीला या दलिया लें। दोपहर के भोजन में रोटी, दाल, हरी सब्जी और एक कटोरी दही लें। जिससे सारे पोषक तत्व शरीर को पर्याप्त मात्रा में मिल सकेंगे। दही में मौजूद प्रोबायोटिकस हार्मोंस को नेचुरली बैलेंस करते हैं। भीगे हुए पांच से छह बादाम रोज खाएं। छाछ में जीरा और काला नमक मिलाकर दोपहर में लें, क्योंकि यह पेट को ठंडा रखने में मदद करता है। सत्तू के शर्बत में नीबू, काला नमक और जीरा पावडर मिलाकर लें। यह सबसे सस्ता प्रोटीन और एनर्जी ड्रिंक है। नारियल पानी का सेवन इलेक्ट्रोलाइट्स बैलेंस करने के साथ-साथ थकान और डिहाइड्रेशन से भी बचाता है।

**क्या न खाएं:** पैकेज्ड फूड्स, ड्रिंक्स, पिज्जा, बर्गर और मैदा की बनी कोई चीज खाने से बचें। चाय-कॉफी भी कम पिएं।

**युवा महिलाएं:** इस उम्र की महिलाओं को एनर्जी, फर्टिलिटी और हार्मोनल बैलेंस, तीनों का एक साथ ध्यान रखना जरूरी है। आपकी थोड़ी-सी लापरवाही से पीसीओडी, थायरॉइड और क्रॉनिक फटीग जैसी समस्या से आप घिर सकती हैं।

**क्या खाएं:** आपकी डाइट में पर्याप्त प्रोटीन, कार्ब्स, गुड फैट्स, फाइबर और मिनरल्स होने चाहिए। साथ ही एक छोटी चम्मच अलसी का पावडर आहार में शामिल करें, जो ओमेगा 3 फैटी एसिड्स जैसे तत्वों से भरपूर होती है। इसके अलावा रात को भिगोकर रखे गए मेथी बीज को सुबह खाएं। यह थायरॉइड और ब्लड शुगर दोनों को मेंटेन रखता है। नारियल पानी के साथ-साथ सीजनल फ्रूट्स जैसे पपीता, अनार, खीरा नियमित अपने दिनचर्या में शामिल करना फायदेमंद होता है।

**क्या न खाएं:** रिफाइंड शुगर, मैदा, बाहर का तला-भुना खाना और पैकेज्ड फ्रूट जूस न लें। रात को भारी खाना न खाएं, क्योंकि यह मेटाबॉलिज्म को नुकसान पहुंचा सकता है।

**40 प्लस महिलाएं:** इस उम्र में अकसर मेटाबॉलिज्म धीमा होने लगता है। इसलिए इस उम्र में सही डाइट का चयन सबसे अधिक जरूरी हो जाता है। रात भर भिगोए मेथी के दाने का पानी सुबह खाली पेट पीना ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल और हार्मोन बैलेंस में सहायक है। नाश्ते में सत्तू का परांठा या दलिया खाएं। तिल इस उम्र की महिलाओं के लिए सबसे जरूरी फूड है। दोपहर में नारियल का पानी, बेल का शर्बत पिएं, जो लिवर को ठंडा रखने में कारगर साबित होता है। शाम को छाछ में जीरा और सेंधा नमक मिलाकर पिएं। लौकी, तोरई, टिंडा और पुदीने की चटनी रोज खाने से इस उमस भरे मौसम में शरीर में ठंडक बनी रहती है।

**क्या न खाएं:** अधिक नमक वाला और तला-भुना खाना न खाएं क्योंकि ये ब्लड प्रेशर को बढ़ाते हैं। चाय और कॉफी की मात्रा बहुत कम लें। डाइट प्लान के लिए डाइटीशियन से संपर्क कर सकती हैं।

प्रस्तुतिः संध्या रानी

**खबर संक्षेप**



## ठेका सफाई कर्मचारियों का धरना 14वें दिन जारी

**सोनीपत।** सोनीपत नगर निगम में ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच, संबंधित मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ सहयोग वाली सेना यूनियन का धरना सोमवार को 14वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता मुकेश टाक ने की, जबकि संचालन सचिव सावन कुमार ने किया। कर्मचारियों ने नगर निगम में प्रस्तावित पांच साल के टेंडर का विरोध करते हुए सरकार से सभी ठेका कर्मचारियों को निगम के नियमित रोल पर लेने, समान काम के लिए समान वेतन लागू करने और नौकरी की सुरक्षा की गारंटी देने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सोनीपत में ठेका व्यवस्था समाप्त कर हटाए गए कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से ड्यूटी पर बहाल किया जाए तथा उन्हें कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। धरने में जगबीर, विजय तोमर, सोनू राणा, रितेश कुमार मौजूद रहे।

### संत कबीर साहेब के 629वें प्रकट दिवस पर गीता भवन मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे मेयर

# संत कबीर दास ने अपनी भक्ति और दोहों से समाज में भेदभाव व पाखंड को किया समाप्त : राजीव जैन

संजय ब्रह्मचारी ने कबीर की वाणी सुनाकर सभी का मन मोहा, संत कबीर साहेब ने सभी को प्रेम व मानवता का रास्ता दिखाया


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

संत शिरोमणी कबीर साहेब के 629वें प्रकट दिवस पर सोमवार को गीता भवन मंदिर परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मेयर राजीव जैन ने शिरकत की। धानक कबीर समाज जागृत मंच के प्रधान हंसराज इष्टकान ने सभी पदाधिकारियों के साथ संत कबीर दास के चित्र पर फूलमाला व पुष्प अर्पित कर ज्योत प्रज्जलित की। संजय ब्रह्मचारी ने कबीर की वाणी सुनाकर सभी का मन मोह लिया।


मेयर राजीव जैन ने बताया कि संत कबीर दास ने अपनी भक्ति, दोहों (बुरा न देखन में चला, बुरा न मिलिया कोई, जो दिल खोजा अपना, मुझसे बुरा ना कोई।) के जरिए समाज में चल रहे कई भेदभाव व पाखंड को समाप्त किया। सभी को प्रेम व मानवता का रास्ता दिखाया। उनके दोहे आज भी समाज के प्रासंगिक बने हुए हैं। संत महात्माओं को हमें जातियों में नहीं बांटना चाहिए। हमें जातियों व धर्मों में विभाजित नहीं होना चाहिए। हम सभी एकजुट होकर ही देश को विकसित बना सकते है। मंच संचालन कार्यक्रम संयोजक एवं कांग्रेस के जिला महामंत्री डॉ. सत्यवीर सिंह निर्माण ने किया। उन्होंने बताया कि ज्येष्ठ पूर्णिमा को संत कबीर साहेब की जयंती मनाई जाती है। हमें एकजुट होकर अपने जो पीछे रह गए हैं, उनको साथ व बराबर में खड़ा करना है। जब तक हम एकजुट नहीं होंगे, तब तक आगे नहीं बढ़ सकते। कार्यक्रम में कुलदीप खासा, शिवकुमार, रिसाल सिंह, रवि कुमार, कृष्ण बुमराह, एडवोकेट राहुल निर्माण, रमेश रंगीला, एडवोकेट नकीन मेहरा, राजेश बागडी, धर्मबीर जाहरी, सत्यवान, जगबीर फौजी, जगबीर खटक, चंद्रो देवी, विकास मौजूद रहे।



**सोनीपत।** सोनीपत के गीता भवन मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में संत कबीर के चित्र के समक्ष ज्योत प्रज्वलित करते धानक कबीर समाज जागृत मंच के सदस्य।



**गोहाना।** संत कबीरदास को याद करते कांग्रेस नेता प्रदीप चहल व अन्य।



**सोनीपत।** कार्यक्रम में पहुंचें विधायक निखिल मदान का स्वागत करते हुए।

### संत कबीर दास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए



**सोनीपत।** विधायक निखिल मदान ने सोमवार को संत कबीर दास के 628वें कबीर प्रकटोत्सव के अवसर पर आयोजित विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेकर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सतगुरु भरतु शाह आश्रम, मामा-भांजा चौक, ऑटो ई-रिक्शा यूनियन द्वारा रेलवे स्टेशन पर आयोजित भंडारे, कालूपुर कीर्ति नगर तथा संत कबीर सामुदायिक भवन, धानकान बस्ती में आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचकर संत कबीर दास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। विधायक निखिल मदान ने कहा कि संत कबीर दास ने अपनी ओजस्वी वाणी और शिक्षाप्रद दोहों के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों, जातीय भेदभाव और अंधविश्वास के खिलाफ जनजागरण किया तथा समाज को सत्य, अहिंसा और समरसता का मार्ग दिखाया।

### पाखंडवाद के धुर विरोधी थे कबीर

**गोहाना।** सोमवार को संत शिरोमणि कबीरदास को उनकी जयंती पर याद किया गया। उनकी स्मृति में शहर की कबीर बस्ती में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने संत कबीर के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। मुख्य अतिथि कांग्रेस जिला सोनीपत के महासचिव प्रदीप चहल ने कहा कि संत शिरोमणि कबीरदास की शिक्षाएं समाज में आज भी प्रासंगिक हैं। संत कबीरदास जाति-पाति, अंधविश्वास, सामाजिक कुरीतियों, छुआछूत और पाखंडवाद के धुर विरोधी थे। संत कबीर ने अपनी शिक्षाओं से समाज को आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए समाज को नई दिशा प्रदान की। समारोह में कांग्रेस नेता प्रदीप चहल के साथ अमित जौली, राजेश खानपुर, राममेहर, सोनू छिछड़ाना, जापान, प्रेम, नसीब, सोमबीर व पूर्ण सहित अन्य नागरिकों ने संत कबीरदास को श्रद्धांजलि दी।

### सतगुरु कबीर प्रकट उत्सव संपन्न

**सोनीपत।** श्री सतगुरु भरतूशाह आश्रम कबीर चौरा समिति, मामा-भांजा चौक द्वारा संत कबीर जयंती के उपलक्ष्य में 629वें श्री सतगुरु कबीर प्रकट उत्सव का दो दिवसीय आयोजन श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के साथ संपन्न हुआ। 28 जून को आश्रम परिसर में कबीर वाणी का पावन पाठ आयोजित किया गया, जिसके बाद मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों और श्रद्धालुओं की सेवा की गई। सायंकाल से पूरी रात चले सत्संग में संत कबीर के भजनों और वाणियों का गायन हुआ। वर्तमान गद्दीनशीन संत सत्य दास महाराज ने श्रद्धालुओं को संत कबीर द्वारा बताए गए सत्य, सेवा और सरलता के मार्ग पर चलने का संदेश देते हुए कहा कि उनकी शिक्षाएं आज भी समाज में प्रेम, समरसता और एकता का मार्ग प्रशस्त करती हैं। इस अवसर पर विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन ने भी आश्रम पहुंचकर सतगुरु साहिब के चरणों में श्रद्धा अर्पित की तथा सेवा कार्य में सहयोग दिया।

# जल बचाने और प्रदूषण रोकने का संकल्प

- भीषण गर्मी के बावजूद यात्रा में जिलेभर से हजारों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गंगा समग्र द्वारा जल संरक्षण और जल प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जल बचाओ जागरूक यात्रा निकाली गई। भीषण गर्मी के बावजूद आयोजित यात्रा में जिलेभर से हजारों लोगों ने भाग लिया। यात्रा का शुभारंभ गांव जाट जोशी से स्वामी प्रकाशानंद महाराज, विधायक निखिल मदान, पूर्व सांसद रमेश कौशिक, पुनीत राई और प्रांत संयोजक सतपाल शर्मा ने किया। यात्रा के मुख्य अतिथि गिरीश चतुर्वेदी, राजेश तिवारी और महाराज बाबा जग्गी रहे। यात्रा में लगभग 100 ट्रैक्टर, सैकड़ों कारों, मोटरसाइकिलों तथा बड़ी संख्या में गंगा समग्र के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। यमुना घाट पर मां यमुना की आरती और गौ पूजन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यात्रा के संयोजक रमेश महिपुर और सहसंयोजक मनीष राई ने कहा कि क्षेत्र में रासायनिक अपशिष्ट के कारण भूजल प्रदूषित हो रहा है, जिससे गंभीर बीमारियां बढ़ रही हैं। समाज से जल संरक्षण और जल स्त्रोतों की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया। विधायक निखिल मदान ने जल प्रदूषण फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कराने का भरोसा दिलाया, जबकि पूर्व सांसद रमेश कौशिक, सतपाल शर्मा, गिरीश चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।



**सोनीपत।** जागरूक यात्रा को रवाना करते हुए।



**गोहाना।** शिविर में रक्तदाताओं को आशीर्वाद देते अतिथि और आयोजक।

### भागराम ट्रस्ट के शिविर में 29 ने किया रक्तदान

**गोहाना।** सोमवार को भागराम ट्रस्ट के शिविर में 29 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य कमाया। हर सप्ताह की भांति यह शिविर शहर में सोनीपत टी-प्वाइंट स्थित भगवान परशुराम चौक में आयोजित हुआ। शिविर के मुख्य अतिथि समाजसेवी सुल्तान सिंह सैनी थे। मार्गदर्शन प्रमुख रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास का रहा। अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गगनेजा ने की जबकि संयोजन सतीश सैनी का रहा। शिविर में विशेष रक्तदाताओं में दिव्यांग राजकुमार ने 10वीं बार और अशोक कुमार ने 6वीं बार रक्तदान किया। नियमित रक्तदाताओं में सुभाष जैन, शमशेर, संदीप, बिजेंद्र, पंकज और श्याम ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। मुकुल और नरेन्द्र ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला।

# साधु और संतों के आशीर्वाद से भक्तिमय माहौल, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

- आयोजन समाज में सेवा भावना और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देते हैं : राई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई

राई इंडस्ट्रियल एरिया स्थित मार्केट परिसर में सोमवार को श्री श्री 1008 श्री रूड़े नाथ बाबा के 15वें विशाल भंडारे का श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के साथ आयोजन किया गया। भंडारे में क्षेत्र सहित दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे साधु-संतों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया तथा धर्म और मानव सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम के आयोजन त्यागी समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष तथा पूर्व निगम पार्षद पुनीत राई ने कहा कि बाबा श्री रूड़े नाथ के आशीर्वाद से प्रतिवर्ष विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सेवा भावना और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देते हैं। पुनीत त्यागी ने कार्यक्रम में पहुंचने पर सभी का आभार व्यक्त किया। भंडारे में सोनीपत विधायक निखिल मदान, गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान, पूर्व सांसद रमेश कौशिक, नगर पालिका गन्नौर के अध्यक्ष अरुण त्यागी, पूर्व जिला अध्यक्ष तीर्थ राणा, महिला आयोग सदस्य सुनीता लोहचब, पूर्व जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा, कांग्रेस नेता सुरेंद्र पवार, कमल हसीजा, लाल मुनीराम, मुकेश सैनी मौजूद रहे।



**राई।** रूड़े नाथ बाबा के विशाल भंडारे में पुनीत राई को आशीर्वाद देते हुए संत।

# छात्रों ने नाटक की प्रस्तुति देकर स्वदेशी अपनाने का दिया संदेश



**गोहाना।** शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी अपने गुरुजनों के संग। *फोटो : हरिभूमि*

- गीता विद्या मंदिर में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

गीता विद्या मंदिर, गोहाना में ग्रीष्मकालीन शिविर का सोमवार को समापन हो गया। समापन सत्र में विद्यार्थियों ने नाटक की प्रस्तुति देकर स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। विद्यालय में 22 जून से ग्रीष्मकालीन शिविर शुरू हुआ था। शिविर में विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक, सांस्कृतिक एवं कौशल आधारित गतिविधियों का प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा को तराशा। समापन सत्र में विद्यार्थियों ने स्वदेशी विषय पर आधारित प्रेरणादायक नाटक की प्रस्तुति से स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया। मंच संचालन कविता ने किया। संयोजन सीमा जैन का रहा। यह कार्यक्रम शिशु वाटिका प्रमुख सुनीता वर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम संबंधी विस्तृत प्रतिवेदन सीमा जैन द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# रोटरी क्लब ने जीवीएम स्कूल में कंप्यूटर लैब का लोकार्पण कर पांच कंप्यूटर सौंपे

- डिजिटल लर्निंग सपोर्ट प्रोग्राम के तहत आधुनिक कंप्यूटर लैब का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत ने डिजिटल लर्निंग सपोर्ट प्रोग्राम के तहत जीवीएम स्कूल, गीता भवन चौक में आधुनिक कंप्यूटर लैब का लोकार्पण कर विद्यालय को पांच कंप्यूटर भेंट किए। परियोजना का नेतृत्व रोटेरियन सुमीत अलख ने मीट चेयरपर्सन एवं प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर के रूप में किया। कार्यक्रम में रोटेरियन रजत डोडा, अध्यक्ष, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत ने कहा कि विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना समय की आवश्यकता है और यह कंप्यूटर लैब उनके शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। रोटेरियन सुमीत अलख ने बताया कि इस पहल से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण डिजिटल शिक्षा का लाभ मिलेगा तथा क्लब भविष्य में भी शिक्षा और समाजहित के कार्य जारी रखेगा। जीवीएम ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. पृथी ने रोटरी क्लब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सुविधा विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान को नई दिशा देगी। इस अवसर पर शकुंतला घाकर, सुभाष घाकर (मैनेजर, जीवीएम स्कूल), राजेश रेलन, कविता, प्राचार्या, जीवीएम स्कूल, विद्यालय परिवार तथा रोटरी क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।




**सोनीपत।** कंप्यूटर लैब का लोकार्पण करते क्लब के पदाधिकारी।

# शंघाई वुशु कप में प्रताप स्कूल की अपर्णा ने जीता कांस्य पदक

- ब्रॉन्ज मेडल जीतकर देश और अपने स्कूल का नाम गौरवान्वित करने पर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा



**खरखौदा।** जीते हुए पदक के साथ वुशु खिलाड़ी अपर्णा

चीन में आयोजित शंघाई वुशु कप में प्रताप स्कूल की होनहार खिलाड़ी अपर्णा ने 52 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीतकर देश और अपने स्कूल का नाम गौरवान्वित किया। अपर्णा की इस ऐतिहासिक सफलता पर प्रताप विद्यालय प्रबंधन समिति, द्रोणाचार्य अवार्डी एवं खेल निदेशक ओम प्रकाश दहिया, संस्थापक सतप्रकाश दहिया, प्रिंसिपल दया दहिया, अकादमिक निदेशक डॉ. सुबोध दहिया तथा वुशु कोच विनोद गुलिया व दिवस कटारिया ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। द्रोणाचार्य अवार्डी ओम प्रकाश दहिया ने कहा कि अपर्णा इससे पहले भी छह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत के लिए पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ा चुकी हैं। अकादमिक निदेशक डॉ. सुबोध दहिया ने बताया कि अपर्णा का चयन आगामी एशियन गेम्स के लिए भी हो चुका है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वह वहां भी शानदार प्रदर्शन कर भारत के लिए पदक जीतेंगी। डॉ. सुबोध ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करते उन्हें देश और समाज के लिए बेहतर नागरिक एवं सफल खिलाड़ी बनाना है।

### श्री राम परिवार ने सुंदरकांड पाठ व रामकथा का आयोजन किया

# हनुमान-लंकिनी संवाद के माध्यम से श्रीराम भक्ति का संदेश दिया

आरती के बाद श्रद्धालुओं को अमृतमय प्रसाद वितरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

श्री राम परिवार, सोनीपत की ओर से नंदवानी नगर स्थित अशोक भुटानी के निवास पर श्री सुंदरकांड पाठ, हरिनाम संकीर्तन एवं रामकथा का आयोजन किया गया। कथा के दौरान ओमप्रकाश अरोड़ा ने श्रीरामचरितमानस के लंका कांड का प्रसंग सुनाते हुए हनुमान और लंकिनी संवाद का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने बताया कि समुद्र लांघकर लंका पहुंचे हनुमान ने सूक्ष्म रूप धारण कर प्रवेश किया, जहां द्वारपालिका लंकिनी ने उन्हें रोक लिया। हनुमान के प्रहार के बाद लंकिनी को ब्रह्मा का वरदान स्मरण हुआ और उसने हनुमान को प्रभु श्रीराम का दूत मानकर लंका में प्रवेश की अनुमति दी। उन्होंने इस प्रसंग को सत्य की विजय और बुराई के अंत का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में शाम रहेजा, सूरज कांत, ललित बत्रा, महेश पांडे, रमाकांत, मुकेश आनंद, मेहर चंद, अशोक, दिनेश अरोड़ा, विजय, धीरज और भूषण उपस्थित रहे। अंत में आरती के बाद श्रद्धालुओं को अमृतमय प्रसाद वितरित किया गया।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुगण। *फोटो :हरिभूमि*



**गोहाना।** गर्मी में राहगीरों को मीठा व शीतल जल पिलाते हुए।

### दाल-चावल का भंडारा लगाया, मीठा जल पिलाया

**गोहाना।** श्री सति भाई साईं दास सेवा दल गोहाना द्वारा पूर्णमासी के दिन सोमवार को दाल-चावल का भंडारा लगाया गया। संस्थान द्वारा भंडारा लगाने के साथ मीठे व ठंडे पानी की छबील भी लगाई गई। श्री सति भाई साईं दास सेवा दल का पूर्णमासी के दिन यह दूसरा मासिक भंडारा था। यह सेवा श्री सति भाई साईं दास डेरा कलानौर के गद्दीनशीं महंत भाई रामसुख दास महाराज के आदेश पर की गई। अध्यक्षता संस्था की गोहाना इकाई के अध्यक्ष हरीश चुघ ने की। संयोजन कंवल चुघ का रहा। भंडारे में प्रसाद वितरण समिति में नरेंद्र सिंधवानी, जुगल किशोर चुघ, भावुक सिंधवानी, भव्य चोपड़ा, हरीश चुघ (कालू), प्रवीन चुघ (भोला), हरीश सिंधवानी, रवि सिंधवानी, पार्थ चुघ और सौरभ सिंधवानी ने अपनी सेवाएं दी।



### श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में लगी मीठे पानी व जलजीरा की छबील

**सोनीपत।** भीषण गर्मी के बीच सोनीपत के पांच मंजिला श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर एवं प्याऊ में सोमवार को श्रद्धालुओं और राहगीरों के लिए मीठे पानी एवं जलजीरा की विशाल छबील लगाई गई। इस सेवा का लाभ हजारों लोगों ने उठाया और गर्मी से राहत महसूस की। मंदिर एवं प्याऊ के प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि मंदिर में पिछले 15 वर्षों से श्री सालासर बालाजी की अखंड ज्योत निरंतर प्रज्ज्वलित है। उन्होंने कहा कि मंदिर केवल पूजा-अर्चना का केंद्र नहीं, बल्कि मानव सेवा का भी प्रमुख धाम है, जहां प्रतिदिन निःशुल्क भंडारे के साथ सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य है और इसी भावना से श्रद्धालुओं के सहयोग से छबील का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में सुंदर लाल सतीजा, भगवान सिंगला, पंडित ऋषि प्रकाश शर्मा, नरेश सेतिया, सतनारायण शर्मा और सतेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### सीएम के ओएसडी ने खांडा में किया पौधरोपण

**खरखौदा।** ग्राम पंचायत खांडा व खांडा अलमाण पाना द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधरोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र सिंह बढ़खालसा मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। ग्राम पंचायत की तरफ से उनका और उनके साथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात उन्होंने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को जीवन में कुछ कार्य ऐसे करने चाहिए जो उनके जाने के बाद भी हमेशा के लिए पृथ्वी पर स्थाई रहें। जिनमें पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण मुख्य रूप से शामिल है। सरपंच विनोद दहिया, सरपंच बिजेंद्र सिंह दहिया, कृष्ण खांडा, दिनेश कुमार व बुजुर्गों ने ओएसडी वीरेंद्र बड़खालसा को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। ग्राम वासियों ने उन्हें गांव की समस्याओं से संबंधित मांग पत्र सौंपा। प्रत्युत्तर में उन्होंने समाधान का आश्वासन दिया।

## जिले के 23 कॉलेजों की 13,500 सीटों का 75-80 फीसदी तक हुआ पंजीकरण

# यूजी प्रवेश की डेडलाइन आज, चूके तो नहीं मिलेगा दाखिला

### कॉमर्स से आगे निकला आर्ट्स, बीबीए और बीसीए में सीटों से अधिक आवेदन

### विद्यार्थियों की मदद के लिए अवकाश के दिन भी खुले रहे हेल्प डेस्क

### पंजीकरण अवधि तीन बार बढ़ाने के बाद आज प्रक्रिया पर लगेगा विराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिलेभर के महाविद्यालयों में यूजी प्रथम वर्ष की बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, बीबीएस जैसे स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए चल रही ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया आज समाप्त होने वाली है। बिना पंजीकरण करवाए विद्यार्थी फिर चाह कर भी महाविद्यालयों में प्रवेश नहीं पा सकेंगे। महाविद्यालय प्रबंधकों ने अपनी निर्धारित सीटों पर अब तक 75 से 80 प्रतिशत तक पंजीकरण सुनिश्चित कर लिया है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के जल्द शुरू होने वाले पाठ्यक्रमों में इस बार विद्यार्थियों की कॉमर्स के बजाय आर्ट्स में ज्यादा दिलचस्पी नजर आ रही है। वहीं बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिकल साइंस अध्ययन के लिए भी करीब 32 से 35 प्रतिशत विद्यार्थियों ने अपना पंजीकरण करवाया है। उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने विद्यार्थियों को 30 जून तक ऑनलाइन पंजीकरण करवाने की छूट दी है। अगर विद्यार्थियों को महाविद्यालयों में दाखिला लेना है, तो उन्हें आज हर हाल में अपना पंजीकरण करवाना होगा। उधर महाविद्यालय प्रबंधकों ने अब दाखिले की तैयारी शुरू कर दी है, ताकि विद्यार्थी समय पर शैक्षणिक सत्र में पढ़ाई की शुरुआत कर सकेंगे। वहीं प्रबंधकों के समक्ष आज एक दिन में 20 से 25 प्रतिशत सीटों पर दाखिला सुनिश्चित करने का धर्म संकट खड़ा है, अन्यथा शेष सीटें भरना असंभव रहेगा। लक्ष्य को भेदने के लिए सोमवार को सरकारी अवकाश के बावजूद अधिकतर महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की सहायता के लिए दोपहर 2 बजे तक हेल्प हेस्क खुले रखे गए। निदेशालय ने अब विद्यार्थियों के नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के लिए पोर्टल पर नया शेड्यूल भी जारी कर दिया है।

मिशन एडमिशन



सोनीपत। हिंदू महाविद्यालय में स्थापित हेल्प डेस्क पर पंजीकरण करवाने पहुंची छात्रा।

### संकाय अनुसार पंजीकरण पर नजर

*महाविद्यालयों में चल रही पंजीकरण प्रक्रिया पर नजर डालें, तो सबसे ज्यादा पंजीकरण बैचलर ऑफ कॉमर्स के बजाय बैचलर ऑफ आर्ट्स की सीटों पर कराया गया है। इसके अलावा बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन कोर्स में तय सीटों से ज्यादा पंजीकरण पाया गया है। बैचलर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस कोर्स में 60 से 65 प्रतिशत सीटों पर, जबकि बैचलर ऑफ आर्ट्स विद मेजर इन जियोग्राफी में मात्र 20 से 25 प्रतिशत सीटों पर पंजीकरण हुए हैं। वहीं जिलेभर के 23 प्रमुख राजकीय, निजी व एडिड महाविद्यालयों में इस वर्ष करीब 13500 से अधिक सीटें यूजी कोर्स के लिए निर्धारित हैं। इस वर्ष हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (एचबीएसई) व केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से करीब 21203 विद्यार्थियों ने परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। इनमें सीबीएसई के अंतर्गत 8648 व एचबीएसई के तहत 12655 ने बोर्ड परीक्षा को उत्तीर्ण किया है।*

### नए शैक्षणिक सत्र की जल्द शुरुआत हो सकेगी



महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर ऑनलाइन पंजीकरण की बढ़ाई गई अवधि 30 जून को समाप्त हो रही है। अधिकतर महाविद्यालयों में 75 से 80 फीसदी सीटों पर पंजीकरण प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। शेष सीटों पर दाखिला सुनिश्चित करने के आज प्रयास किए जाएंगे। उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने दाखिला प्रक्रिया शुरू करवाने के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है। दाखिला प्रक्रिया के बाद नए शैक्षणिक सत्र की जल्द शुरुआत हो सकेगी, इससे विद्यार्थियों को फायदा मिलेगा।

*-डॉ. किरण सरोहा, प्राचार्य, राजकीय महिला महाविद्यालय, सोनीपत*

### महाविद्यालयों में यह रहेगा दाखिले का शेड्यूल

| | |
|---|---|
| आनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया | 30 जून को समाप्त |
| आवेदकों द्वारा आवेदन पत्र का संपादन (ओटीपी आधारित) | 1 जुलाई तक |
| आपत्ति व विसंगतियों के साथ आवेदकों की सूची प्रदर्शित की जाएगी | 2 जुलाई तक |
| दस्तावेजों का आनलाइन सत्यापन | 6 जुलाई तक |
| मेरिट सूची के लिए पात्र आवेदकों की सूची प्रदर्शित की जाएगी | 8 जुलाई |
| **पहले चरण की काउंसलिंग** | |
| पहली प्रोविजनल कट आफ जारी | 9 जुलाई |
| पहली फाइनल कट ऑफ जारी | 10 जुलाई |
| पहली कट आफ की फीस जमा करवाने की तिथि | 11 से 15 जुलाई |
| **दूसरे चरण की काउंसलिंग** | |
| दूसरी प्रोविजनल कट ऑफ जारी | 16 जुलाई |
| दूसरी फाइनल कट ऑफ जारी | 17 जुलाई |
| दूसरी कट आफ फीस जमा करवाने की तिथि | 18 से 22 जुलाई |
| तीसरे चरण की काउंसिलिंग | |
| रिक्त सीटों पर फिजिकल काउंसलिंग | 23 जुलाई |
| पंजीकरण के लिए दाखिला पोर्टल रि-ओपन | 24 जुलाई |
| 100 रुपये विलंब शुल्क सहित फिजिकल काउंसलिंग | 25 से 31 जुलाई |

### सीआरए कॉलेज में नए पाठ्यक्रमों के प्रति रुझान



**सोनीपत।** उच्चतर शिक्षा निदेशालय की ओर से स्नातक प्रथम वर्ष की कक्षाओं के दाखिले के लिए 30 जून अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। शहर के छोटू राम आर्य कॉलेज में दाखिला पाने के इच्छुक विद्यार्थियों में पारम्परिक एवं नए पाठ्यक्रमों के प्रति अच्छा रुझान नजर आ रहा है। प्रबंधन का दावा है कि नए शैक्षणिक सत्र के लिए कॉलेज में पिछले वर्ष की अपेक्षा ज्यादा विद्यार्थियों ने ऑनलाइन पंजीकरण करवाया है। कॉलेज में विद्यार्थियों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क के साथ फार्म भरने की निशुल्क व्यवस्था की गई है। वहीं छोटू राम आर्य कॉलेज में डॉ. राजीव कुमार ने नए प्राचार्य के रूप में पद पर कार्यभार संभाला है। वह हेल्प डेस्क पर स्वयं स्टाफ सदस्यों के साथ विद्यार्थियों की मदद कर रहे हैं। प्राचार्य डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि इस वर्ष छोटू राम आर्य कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष में 640, बीएससी में 160, बीकॉम में 240, बीए पॉलिटिकल साइंस ऑनर्स में 60 सीट निर्धारित है। विद्यार्थी मंगलवार तक अपना दाखिला सुनिश्चित करने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं।

## राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में जतिन त्यागी ने जीता स्वर्ण पदक

**गोवा में शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश का बढ़ाया मान**




गन्नौर। गोवा में राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में युवा खिलाड़ी जतिन त्यागी का सम्मान करते हुए ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

क्षेत्र के गांव शाहपुर तगा निवासी युवा खिलाड़ी जतिन त्यागी ने गोवा में आयोजित वाईएसएसए राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में तीरंदाजी स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। उनकी इस उपलब्धि से गांव में खुशी का माहौल है और जतिन को बधाई दी है। जतिन त्यागी ने इस सफलता का श्रेय अपने पिता नरेंद्र त्यागी व गुरुग्राम में अपने सीए चाचा अरुण त्यागी को दिया । पिता नरेंद्र ने कहा कि अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे गन्नौर क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन किया है। सीए चाचा अरुण त्यागी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें सही मार्गदर्शन और अवसर देने की है। जतिन त्यागी की यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत साबित होगी। इससे क्षेत्र के अन्य युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर क्षेत्र और देश का नाम रोशन करेंगे।

## अधूरे सड़क निर्माण से लोगों को परेशानी

- गढ़ी केसरी से बड़ी रोड तक बनने वाले मार्ग का काम बीच में छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गढ़ी केसरी से बड़ी रोड तक बनने वाले मार्ग का निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग ने सड़क पर पत्थर डालने के बाद काम बीच में ही छोड़ दिया, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधूरी सड़क पर उबड़-खाबड़ रास्ता और धूल के कारण वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल राहगीरों को भी दिक्कत झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर पत्थर बिछे होने से दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने का खतरा बना रहता है, जबकि धूल उड़ने से लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है।

*पत्थर बिछे होने से दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने का भी बना रहता है खतरा*



गन्नौर। गढ़ी केसरी–बड़ी सड़क मार्ग पर डाले गए रोड़े।

### कार्यप्रणाली पर सवाल

लोगों का आरोप है कि कई सप्ताह बीत जाने के बावजूद निर्माण कार्य दोबारा शुरू नहीं किया गया, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि राज्य कृषि विपणन बोर्ड (एचएसएएमबी) की योजना के तहत बनने वाली इस सड़क पर दो करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की जानी है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से जल्द निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है। उनका कहना है कि बरसात के दौरान अधूरी सड़क लोगों की परेशानी और बढ़ा सकती है।

## अंकित मल्होत्रा बने डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म के सह-संयोजक



**गन्नौर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म के सह-संयोजक पद पर अंकित मल्होत्रा को नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद अंकित मल्होत्रा ने भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज तथा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण दहिया का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उस विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। अंकित मल्होत्रा ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। अंकित मल्होत्रा ने कहा कि पार्टी द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यम वर्तमान समय में संगठन को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने की दिशा में भी कार्य किए जाएंगे।

## हाल निर्माण के लिए शीघ्र होगा बजट आवंटित : इंदुराज



**गोहाना।** गांव आहुलाना स्थित कमला माता मंदिर में सोमवार को वार्षिक भंडारा आयोजित किया गया। भंडारे में गांव के काफी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और मंदिर में पूजा-अर्चना करके मन्नतें मांगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरोदा विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंदुराज नरवाल (भालू) रहे। विधायक द्वारा पिछले वर्ष मंदिर में आयोजित इस वार्षिक कार्यक्रम में मंदिर के समीप पंचायती भूमि पर एक हॉल का निर्माण करवाने की घोषणा की गई थी। ग्रामीणों की सहमति से इस भवन का उपयोग लाइब्रेरी के रूप में किया जाएगा। विधायक ने कहा कि हॉल निर्माण के लिए जल्द ही बजट आवंटित किया जाएगा ताकि जल्द निर्माण शुरू हो सके। कार्यक्रम में मंदिर कमेटी द्वारा विधायक का फूलों की मालाओं से स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम के पश्चात विधायक गोहाना, कटवाल, आंवली, बनवासा व अन्य कई गांवों में आयोजित आयोजनों में पहुंचे।

## संत कबीर के आदर्श सबसे बड़ी प्रेरणा : कादियान

**शेखपुरा, आहुलाना और तेवड़ी में 628वीं जयंती पर हुए कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

संत शिरोमणि कबीर दास की 628वीं जयंती सोमवार को शेखपुरा, आहुलाना और तेवड़ी गांव में धूमधाम से मनाई गई। शेखपुरा में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। उन्होंने संत कबीरदास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इससे पहले कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक का फूलमाला से स्वागत किया और रथ में बैठाकर उन्हें समारोह स्थल तक लाया गया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ



गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान संत शिरोमणि कबीर दास की जयंती पर पुष्प अर्पित करते हुए ।

। विधायक कादियान ने कहा कि संत कबीरदास ने अपने विचारों से समाज को समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। उनके दोहे और शिक्षाएं आज भी सामाजिक कुरीतियों को खत्म कर समरस समाज के निर्माण की प्रेरणा देती है। इस दौरान शेखपुरा के ग्रामीणों ने अनुसूचित चौपाल के निर्माण की मांग पर विधायक कादियान ने आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं से जुड़े कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएंगे। इसके बाद विधायक कादियान आहुलाना और तेवड़ी गांव में आयोजित कबीर जयंती समारोह में भी पहुंचे और श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सरपंच कर्मबीर उर्फ कर्मा, बिल्लू कश्यप, रणधीर फौजी, राजेश, मनोज, सुनील, मदन, आनंद, बिजेंद्र, तेजड़ी से रोहताश, मेहरसिंह, मुकेश, पालेराम, अशोक, राकेश शर्मा, रमेश, अनिल व आहुलाना से सरपंच प्रतिनिधि अजित कुमार, सुरजभान, शंकर, मोना, संदीप, जोगेंद्र, सुनील आदि मौजूद रहे।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन, पर्यावरण व स्वच्छता अभियान को प्राथमिकता देने का संकल्प**

## आज़ाद यूथ मोर्चा चैरिटेबल सोसायटी के चुनाव संपन्न, प्रवीन दहिया बने प्रधान

मोहित राठी को मीडिया प्रभारी तथा दीपक सोनी को सह-सचिव चुना गया

**संस्था के सदस्यों ने तुलसी का पौधा भेंट कर किया सम्मानित**



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आज़ाद यूथ मोर्चा चैरिटेबल सोसायटी के चुनाव सोमवार को संपन्न हुए, जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव में प्रवीन दहिया को प्रधान, मंजीत दहिया को उप-प्रधान, दीपक पांचाल को सचिव, अजय छिक्कारा को केशियर, मोहित राठी को मीडिया प्रभारी तथा दीपक सोनी को सह-सचिव चुना गया। चुनाव के बाद संस्था के सदस्यों और दहिया कॉलोनी के लोगों ने नव-निर्वाचित प्रधान प्रवीन दहिया को तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रवीन दहिया ने कहा कि संस्था में प्रत्येक सदस्य का सम्मान सुनिश्चित किया जाएगा और सरकार की पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छ भारत अभियान जैसी जनहित की मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्था सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को अपनाकर सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य करेगी। कार्यक्रम में कृष्ण दहिया, संदीप शर्मा, रीनू दहिया, दीपक दलाल, राजेश तोमर, वीरेंद्र कुमार उर्फ बीनू, देवेंद्र कुहाड़, उत्तम कुमार, सूरत सिंह और राम यादव सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### पद्मश्री संतराम सर छोटूराम मैमोरियल सोसायटी के विशेष आमंत्रित सदस्य बने



**सोनीपत।** सोनीपत के सेक्टर-15 निवासी पद्मश्री सम्मान से अलंकृत साहित्यकार एवं लेखक डॉ. संतराम देशवाल का रोहतक की सर छोटू राम मैमोरियल सोसायटी में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में चयन किया गया। डॉ. संतराम देशवाल ने बताया कि दीनबंधु छोटू राम के सपने को साकार करने के लिए गठित हरियाणा की प्रतिष्ठित संस्था सर छोटूराम मैमोरियल सोसायटी, रोहतक की कार्यकारिणी की एक अहम बैठक 14 जून को रोहतक में बुलाई गई। इस बैठक में डॉ. संतराम देशवाल के उल्लेखनीय सामाजिक कार्यों को मध्यनजर रखते हुए उन्हें सर्वसम्मति से सोसायटी के विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में चयनित किया गया।